तकनीकी विवि ने जारी की पीएचडी प्रवेश परीक्षा की आंसर-की

देहरादून। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय एवं परिसर संस्थानों में पीएचडी में प्रवेश के लिए विगत 9 जुलाई को आयोजित कराई गई प्रवेश परीक्षा की आंसर-की जारी कर दी गई है। छात्रों को आंसर-की में उत्तर को लेकर कोई संशय हो तो इसकी शिकायत कर सकते हैं। इसके बाद 16 जुलाई को परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद साक्षात्कार के माध्यम से प्रवेश होंगे।

विवि ने पीएचडी में प्रवेश के लिए 13 मई से 14 जून तक ऑनलाइन आवेदन लिए थे। इसके बाद 9 जुलाई को हुई प्रवेश परीक्षा में 55 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। 16 जुलाई को परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद 20 जुलाई को साक्षात्कार का आयोजन होगा। जबकि, वेबसाइट पर अंतिम रिजल्ट 23 जुलाई को जारी होगा।

वहीं, 5 और 6 अगस्त को प्रमाणपत्र वेरिफिकेशन और प्रवेश प्रक्रिया होगी। विवि परीक्षा नियंत्रक डॉ. वीके पटेल ने बताया कि पीएचडी में प्रवेश पाने वाले स्कॉलर्स को रिसर्च कम टीचिंग फेलोशिप स्कीम के तहत 20 हजार रुपये प्रतिमाह का मानदेय भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि छात्र को किसी प्रश्न या उत्तर को लेकर कोई संशय हो तो विवि को मेल आदि के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। संवाद